प्रेस नोट दिनाकं 15.04.2025 जनपद प्रतापगढ़

थाना कोतवाली देहात-

प्रतापगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही जारी-
थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा 01 तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार
थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा क्षेत्रान्तर्गत रामपुर गौरी से अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित/ वारण्टी अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नगर श्री शिव नारायण वैस के कुशल पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक श्री अभिषेक सिरोही के नेतृत्व में उ0नि0 अजीत सिंह मय हमराह उ0नि0 भोलानाथ सिंह, का0 रवि प्रकाश यादव द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, मुखबिर की सूचना पर दिनांक 15.04.2025 को 01 तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ 01 अभियुक्त अवधेश यादव पुत्र शिव कुमार यादव नि0 ग्राम दादूपुर मुफरिक थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़ को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत रामपुर गौरी से गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0सं0 84/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
1- अवधेश यादव पुत्र शिव कुमार यादव नि0 ग्राम दादूपुर मुफरिक थाना दिलीपपुर जनपद प्रतापगढ़।

बरामदगी-
01 तमन्चा 315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद।

पुलिस टीम का विवरण-
उ0नि0 अजीत सिंह मय हमराह उ0नि0 भोलानाथ सिंह, का0 रवि प्रकाश यादव थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ़।

थाना कोतवाली नगर-

उ0नि0 अनूप कुमार यादव व बीट आरक्षी मनोज कुमार की सतर्कता से ईनामिया 25,000/-रुपये का 01 गैंगस्टर गिरफ्तार
थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 व बीट आरक्षी ने ईनामिया गैंगस्टर अभियुक्त पर कसा शिकंजा
उ0नि0 व बीट आरक्षी ने साये की तरह बिछाए रखी अपनी पैनी नजर
एसपी द्वारा अपराधी की पतारसी सुरागरसी के लिये थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 व बीट आरक्षी को दिया जाएगा प्रशस्ति-पत्र
थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर जे0 66 सेक्टर 63 के पास से गैंगस्टर 01 अभियुक्त शिवांश मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी पूरे गंगा मिश्र, सुगौटी बहरौली थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर को गिरफ्तार किया गया
गिरफ्तार गैंगस्टर अभियुक्त पर चोरी, धोखाधड़ी, गैंगस्टर एक्ट जैसे संगीन अपराधों में अभ्यस्त

जनपद में अपराध नियंत्रण/ संगीन धाराओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु बीट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है-

इसी क्रम में बहादुर उ0नि0 व बीट आरक्षी के सहयोग से थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा थाना कोतवाली नगर के मु0अ0सं0 44/25 धारा 2/3 उ0प्र0 गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ में वांछित 01 अभियुक्त शिवांश मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी पूरे गंगा मिश्र, सुगौटी बहरौली थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर को कल दिनांक 14.04.2025 को कमिश्नरेट गौतम बुद्ध नगर जे0 66 सेक्टर 63 के पास से गिरफ्तार किया।

गैंगस्टर एक्ट के गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-
01. शिवांश मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी पूरे गंगा मिश्र, सुगौटी बहरौली थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर।

अभियुक्त शिवांश मिश्रा पुत्र राकेश मिश्रा निवासी पूरे गंगा मिश्र, सुगौटी बहरौली थाना धम्मौर जनपद सुल्तानपुर का आपराधिक इतिहास-
01- मु0अ0सं0 1169/20 धारा 379/411 भादवि थाना को0नगर जनपद सुल्तानपुर।
02- मु0अ0सं0 1224/20 धारा 379/411 भादवि थाना को0नगर जनपद सुल्तानपुर।
03- मु0अ0सं0 1226/20 धारा 379/411 भादवि थाना को0नगर जनपद सुल्तानपुर।
04- मु0अ0सं0 1250/20 धारा 379/411 भादवि थाना को0नगर जनपद सुल्तानपुर।
05- मु0अ0सं0 1275/20 धारा 379/411 भादवि थाना को0नगर जनपद सुल्तानपुर।
06- मु0अ0सं0 143/22 धारा 419/420 भादवि थाना खानपुर जनपद गाजीपुर।
07- मु0अ0सं0 207/22 धारा 379/411 भादवि थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़।
08- मु0अ0सं0 678/22 धारा 379/411 भादवि थाना को0 नगर जनपद प्रतापगढ।
09- मु0अ0सं0 44/25 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना को0 नगर जनपद प्रतापगढ़।